दिन– सोमवार दिनांक– 05 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – सरकार दो हजार छत्तीस ओलंपिक से पहले भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध।

02. खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार आज चार खेल प्रतियोगिताओं में होगा शामिल

03. भारत जीनोम–संवर्धित चावल की किस्में विकसित करने वाला दुनिया का पहलादेश बना। बिहार में भी होगी नई किस्मों से खेती।

04. और, मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, किशनगंज और मधेपुरा समेत उत्तर पूर्व जिलों में आंधी और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार दो हजार छत्तीस ओलंपिक से पहले भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पटना में खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस' के उद्घाटन समारोह में वीडियो संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने यह बात कही।

–––बाइट–––

आज भारत प्रयास कर रहा है कि साल 2036 में ओलंपिक्स हमारे देश में हो। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भारत का दबदबा बढ़ाने के लिए स्पोर्टिंग टैलेंट की स्कूल लेवल पर ही पहचान करने के लिए सरकार स्कूल के स्तर पर एथलीट्स को खोज कर उन्हें ट्रेन्ड कर रही है। खेलो इंडिया से लेकर टॉप स्कीम तक एक पूरा इकोसिस्टम इसके लिए विकसित किया गया है।

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में खेल बजट में तीन गुना वृद्धि की है। सरकार ने खेलों के लिए इस वर्ष चार हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। खेलों को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे में सुधार की सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता पर उन्होंने कहा कि अब खेल प्रतियोगिताएं पूरे साल आयोजित किए जाते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खेलों को मुख्यधारा के अध्ययन का हिस्सा बनाकर मान्यता दी गई है। श्री मोदी ने बिहार में सुविधाओं में सुधार के लिए

प्रयास पर कहा कि पटना–गया राजमार्ग पर एक स्पोट्र्स सिटी विकसित की जा रही है।

———बाइट———

पटना में कल भव्य समारोह के साथ अंडर–एट्ीन आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस की शुरुआत हुई। लड़कियों और लड़कों की श्रेणियों में आठ हजार पांच सौ से अधिक युवा खेल प्रतिभाएं विभिन्न स्पर्धाओं भाग ले रहे हैं। विभिन्न खेलों में दो हजार चार सौ से अधिक पदक दांव पर हैं। प्रतियोगिताएं पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय सहित छह अलग–अलग शहरों में आयोजित की जा रही हैं, जबकि नई दिल्ली में साइकिलिंग, शूटिंग और एथलेटिक्स की तीन तरह की स्पर्धाएं आयोजित हो रही हैं।

————————————————————————

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से राज्य में खेलो को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य में खेल संस्थाओं को मजबूत बनाया जा रहा है।

———बाइट———

————————————————————————

अब बात खेलो इंडिया यूथ गेम्स के मुकाबलों और नतीजों की। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के पहले दिन राजगीर में कबड्डी के दो–दो मुकाबले खेले गए, जिनमें बालिका वर्ग में बिहार और असम का मुकाबला ड्रा रहा, जबकि बालक वर्ग में महाराष्ट्र ने राजस्थान को पराजित कर दिया। वहीं, हरियाणा ने दोनों वर्गों में अपने–अपने मुकाबले जीत लिए। इधर, पटना में खेले गए वॉलीबॉल प्रतियोगिता के महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल ने बिहार को शून्य के मुकाबले तीन अंकों से पराजित कर दिया। पुरूष वर्ग में बिहार की टीम उत्तर प्रदेश से हार गई। भागलपुर में पचास मीटर कॉर्व धनुष बालिका वर्ग की तीरंदाजी प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की तेजल राजेंद्र साल्वे ने बालिका वर्ग के कम्पाउंड क्वालिफाईंग दौड़ में छह सौ सत्तानवे अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं इसी राज्य की वैदेही हीरा चंद्र जाधव दूसरे स्थान पर रहीं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आज बिहार चार प्रतियोगिताओं में शामिल होगा। जिनमें पटना में वॉलीबॉल, बेगूसराय में फुटबॉल, गया में खो–खो और राजगीर में कबड्डी प्रतियोगिताएं खेली जायेंगी। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से धमेंद्र कुमार राय।

————————————————————————

भारत जीनोम–संवर्धित चावल की किस्में विकसित करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – आई सी ए आर द्वारा विकसित चावल की पहली दो किस्में जारी

की हैं। श्री चौहान ने कहा कि बढ़ती आबादी की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि ये किस्में बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश के किसानों के लिए विकसित की गई हैं। एक रिपोर्ट...

---रिपोर्ट---

धान की किस्मों को विकसित करने वाली टीम में बिहार के डॉ. गजेन्द्र समेत कई वैज्ञानिक शामिल हैं।

---

भागलपुर जिले के सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय में कुपोषण दूर करने के लिए एक गांव-एक उत्पाद अभियान की शुरूआत की जायेगी। इसके तहत विश्वविद्यालय के बाईस कृषि विज्ञान केन्द्र और छह कॉलेज कार्य करेंगे।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश और वज्रपात की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा और पूर्णिया समेत उत्तर-पूर्व भाग के जिलों में बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान दक्षिण, उत्तर-पश्चिम और उत्तर मध्य भागों में कुछ स्थानों पर आंधी और वज्रपात का येलो अलर्ट है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार इस दौरान हवा की गति पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटा रहने की संभावना है। इस बीच, विभाग के अनुसार कल से प्रदेश के मौसम में बदलाव हो सकता है। इस दौरान तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि का पूर्वानुमान है।

---

इधर, अररिया जिले में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुई हल्की से मध्यम बारिश से शहर में कई स्थानों पर जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि शहर के आश्रम रोड में भारी जल-जमाव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

---

स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में बाढ़ की आंशंका को लेकर बाढ़ पूर्व तैयारियों के लिए सभी जिलों को सलाह जारी की है। विभाग के अपर मुख्य सचिव सह विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत की ओर से जारी सलाह में बाढ़ की आशंका के मद्देनजर बचाव का पूर्वाभ्यास करने की निर्देश दिये गये हैं। वहीं, बाढ़ की चपेट में आने वाले जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महामारी रोकथाम समिति का गठन करने के भी निर्देश जारी किये गये हैं।

————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक और कर्मियों के वेतन और पेंशन से संबंधित मामलों की निगरानी के लिए शिक्षा विभाग ने नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति की है। ये पदाधिकारी संविदा और आउट सोर्सिंग पर कर्मचारियों की नियुक्ति की भी निगरानी करेंगे। शिक्षा विभाग ने विशेष सचिव सह निदेशक प्रशासन सुबोध कुमार चौधरी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

————————————————————————

राज्य के सभी निजी और सरकारी स्कूलों में डाक टिकट क्लब खोले जायेंगे। चीफ पोस्टमास्टर रंजय कुमार ने बताया कि बच्चों में टिकट संग्रहण के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए यह पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस क्लब का सदस्य बनने के लिए दो सौ रूपये शुल्क रखा गया है। इससे बच्चों में सामान्य ज्ञान की जानकारी बढ़ेगी।

————————————————————————

पटना समेत देशभर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा—नीट की परीक्षा के दौरान पुलिस ने फर्जी तरीके से परीक्षा दिलाने के आरोप में ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है। ओडिशा के भुवनेश्वर के पुलिस आयुक्त एस.डी. सिंह ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में बिहार के दो अभियुक्त शामिल हैं।

————————————————————————

जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में कल एक सड़क हादसे में बेगूसराय निवासी जूनियर कमीशंड ऑफिसर समेत तीन सैन्य कर्मियों की मौत हो गयी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बरौनी प्रखंड के अमरपुर पंचायत के सुजीत कुमार का पार्थिव शरीर आज बेगूसराय पहुंचेगा।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर थाने में पदस्थापित एसआई संतोष कुमार को पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने निलंबित कर दिया है। एसआई के खिलाफ ये कार्रवाई भू और बालू माफिया से साठगांठ के आरोप में की गयी है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। जिलाधिकारी ने बताया कि कुल नौ योजनाओं को मंजूरी मिली है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं में मिथिला हाट का विस्तारीकरण और मां सीता तथा प्रभु श्री राम के प्रथम मिलन स्थल फुलहर स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना शामिल है।

———————————————————————————

मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता– दो हजार पच्चीस में बिहार का प्रतिनिधित्व मधबुनी जिले की डॉ. शांभवी झा करेंगी। शांभवी ने कल निफ्ट पटना में आयोजित प्रतियोगिता में यह जीत हासिल की।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में पुलिस ने एक एम्बुलेंस से अठ्हत्तर किलो गांजा जब्त किया है। मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, मधुबनी जिले के रहिका थाना क्षेत्र की पुलिस ने लगभग ढाई किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार की सभ्यता–संस्कृति की झलकियों के साथ खेलो इंडिया का रंगारंग आगाज। **दैनिक जागरण** लिखता है – पंचायत स्तर तक समन्वय समितियों का गठन करेगा महागठबंधन। **दैनिक भास्कर** का शीर्षक है – पटना के पीएमसीएच की छत पर हेलीपैड। इससे जुड़ी लिफ्ट से सीधे इमरजेंसी में पहुंच सकेंगे मरीज। **प्रभात खबर** लिखता है – छह से उनसठ माह के बच्चों में एनीमिया दूर करने पर स्वास्थ्य विभाग करेगा फोकस। **आज अखबार** ने लिखा है – सभी इक्यासी

हजार सरकारी स्कूलों में हर माह होगी शिक्षक–अभिभावक गोष्ठी। **राष्ट्रीय सहारा** की बड़ी खबर है – कांग्रेस की कई गलतियों की जिम्मेदारी राहुल ने स्वीकारी।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – सरकार दो हजार छत्तीस ओलंपिक से पहले भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध।

02. खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार आज चार खेल प्रतियोगिताओं में होगा शामिल

03. भारत जीनोम–संवर्धित चावल की किस्में विकसित करने वाला दुनिया का पहलादेश बना। बिहार में भी होगी नई किस्मों से खेती।

04. और, मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, किशनगंज और मधेपुरा समेत उत्तर पूर्व जिलों में आंधी और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।